दैनिक जागरण रांची, 7 फरवरी 2016

सूक्ष्म न्यायिक साक्षरता शिविर का उद्घाटन

राब्यू, रांची : सुप्रीम कोर्ट के न्यायाधीश जस्टिस मदन बी. लोकुर की पत्नी सविता लोकुर ने शनिवार को यहां सूक्ष्म न्यायिक साक्षरता शिविर का उद्घाटन किया। बायोइनफॉरमेटिक्स संतोष टीचर ट्रेनिंग स्कूल तुपुदाना में शनिवार को आयोजित इस कार्यक्रम में झारखंड हाईकोर्ट के न्यायाधीशों की पत्नियों सहित कई लोगों ने भाग लिया। हाई कोर्ट के मुख्य न्यायाधीश जस्टिस वीरेंदर सिंह की पत्नी प्रदीप कौर, जस्टिस डीएन पटेल की पत्नी गिराबेन डी पटेल, जस्टिस आरआर प्रसाद की पत्नी कल्पना प्रसाद शामिल हुईं। इस दौरान कलाकारों ने नुक्कड़ नाटक के माध्यम से लोगों को कानूनी जानकारी दी। इस मौके पर झालसा के सदस्य सचिव नवनीत कौर, उप सचिव राजेश कुमार और सचिव रजनीकांत पाठक मौजूद थे। कार्यक्रम के दौरान कॉलेज की निदेशक डॉ. रश्मि ने स्वागत भाषण दिया। धन्यवाद ज्ञापन जिला लीगल सर्विस अथॉरिटी के सचिव रजनीकांत पाठक ने किया।

■ कलाकारों ने नुक्कड़ नाटक के माध्यम से लोगों को दी कई प्रकार की कानूनी जानकारियां

संतोष बीएड कॉलेज में लीगल लिट्रेसी क्लब का उद्घाटन करतीं सविता लोकुर।